भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 950

मंगलवार, 27 जुलाई, 2021/05 श्रावण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

दार्जिलिंग के लिए 'स्वदेश दर्शन योजना'

950. श्रीमती शांता क्षत्री:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि दार्जिलिंग देश का एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है;

(ख) क्या 'स्वदेश दर्शन योजना' के तहत दार्जिलिंग क्षेत्र के लिए कोई परियोजना निर्धारित की गई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): जी हां । दार्जिलिंग देश का एक प्रसिद्ध पर्यटक गंतव्य है ।

पर्यटन का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन का दायित्व है । तथापि, पर्यटन मंत्रालय देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु स्वदेश दर्शन- थीम आधारित पर्यटक परिपथों का एकीकृत विकास, प्रशाद - तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन' और पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता नामक योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों (यूटी) के प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।

(ख) और (ग): पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के तहत दार्जिलिंग के विकास के लिए कोई परियोजना विचाराधीन नहीं है ।

*****